HON. SPEAKER: *m02 Kumari Shoba Karandlaje is permitted to associate with the issue raised by Shri Jugal Kishore.

*t24

Title: Need to give compensation at the rate of Rs. 10 Lakh to kin of soldiers killed in firing by Pakistan.

श्री जुगल किशोर (जम्मू) : आदरणीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपका बहुत आभार प्रकट करना चाहता हूं, क्योंकि आपने मुझे बड़े ही महत्वपूर्ण विषय पर बोलने की इजाजत दी। ...(व्यवधान) मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान जम्मू-कश्मीर की सीमा की ओर ले जाना चाहता हूं, जहां आये दिन पाकिस्तान की गोलियों से जम्मू-कश्मीर की सीमा पर रहने वाले लोगों को निशाना बनाया जाता है, उनके पशुओं और उनके घरों को निशाना बनाया जाता है। वहां आये दिन लोग शहीद होते रहते हैं। ...(व्यवधान) जम्मू-कश्मीर सरकार की कोई ऐसी पालिसी नहीं है कि जो लोग शहीद होते हैं, उनके परिवार वालों को कोई नौकरी दी जाये या फिर उनको कुछ धनराशि दी जाये, जिससे उसका परिवार अपना निर्वाह कर सके। ...(व्यवधान)

मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर भी दिलाना चाहता हूं कि वहां लोगों को पलायन करना पड़ता है, जिससे उनके बच्चों की शिक्षा अस्त-व्यस्त होती है। इससे बच्चों पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। ...(व्यवधान) गोलीबारी के कारण सीमा पर स्थित भारतीय किसानों के घर और फसल, दोनों खराब हो जाते हैं, लेकिन इसके बावजूद भी इन लोगों में देश-भक्ति का जो ज़ज्बा है, वह बरकरार रहता है। ...(व्यवधान) ये लोग बिना किसी हथियार के भारतीय सेना के साथ सीमा की सुरक्षा में तत्पर रहते हैं। ...(व्यवधान)

मैं आपके माध्यम से माननीय गृह मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि जल्द से जल्द जम्मू-कश्मीर में रहने वाले भारतीय लोगों के लिए, विशेष तौर पर सीमा पर रहने वाले लोगों के लिए भर्ती योजना के तहत अभियान चलाया जाये और उन नौजवानों को भारतीय सेना और अर्द्धसैनिकों बलों में भर्ती किया जाये, जिससे उन्हें रोजगार प्राप्त हो सके। ...(व्यवधान)

हमारा सरकार से यह भी निवेदन है कि हमारे भारतीय जवान जो पाकिस्तान की गोली से शहीद होते हैं, उनके परिवार वालों को कम से कम दस लाख रुपये का मुआवजा मिलना चाहिए। धन्यवाद। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : *m02 श्री भैरों प्रसाद मिश्र और *m03 कुमारी शोभा कारान्दलाजे जी को श्री जुगल किशोर द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

*t25

Title: Need to reinstate the students expelled from IIT, Roorkee for failing to meet the CGPA criteria.

डॉ. उदित राज (उत्तर-पश्चिम दिल्ली) : स्पीकर महोदया, आपने मुझे बहुत ही इम्पोर्टेंट सब्जेक्ट पर बोलने की इजाजत दी, उसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं आई.आई.टी. रूड़की के बारे में बोलना चाहता हूं। वहां से 71 स्टूडैंट्स को निकाल दिया गया, जिसमें 31 स्टूडैंट्स अनुसूचित जनजाति, 23 स्टूडैंट्स अनुसूचित जाति और अन्य सामान्य वर्ग के स्टूडैंट्स हैं। अभी हाल में एक सर्वे किया गया कि दुनिया में शिक्षण के जो उच्च संस्थान हैं, उनमें भारत का क्या स्थान है? ...(व्यवधान) 300 में से आईआईटी को भी स्थान नहीं मिला, किसी युनिवर्सिटी को स्थान नहीं मिला। इन आईआईटीज़ को पैसा और संसाधन मिलते हैं, जमीन की भी कमी नहीं है। इनको एटोनमी है, They can take a decision. Why have they not been positioned to build the institution of international level and repute but they are ahead in victimizing rural background students?

मैं आपके माध्यम से मानव संसाधन मंत्री महोदया का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं, हम से नॉन प्रेक्विटकल एजुकेशन और थ्योरी की वजह से रिसर्च में बहुत पीछे हैं, इस कारण इनको विक्टिमाइज किया जा रहा है। ऐसी बात नहीं है कि इनमें बेसिक टेलेंट नहीं है, बेसिक ग्रे मैटीरियल नहीं है कि वे आईआईटी न कर सकें। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष: *m02 श्री भैरों प्रसाद मिश्र को डॉ. उदित राज द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

*t26

Title: Issue regarding admission criteria in University of Delhi.

श्री दुष्यंत चौटाला (हिसार): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से माननीय मानव संसाधन मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि एक ओर माननीय प्रधानमंत्री ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान शुरु किया है वहीं दूसरी ओर स्टेट बोर्ड से हमारी बेटियां दिल्ली युनिवर्सिटी में एडमिशन लेने आती हैं लेकिन दिल्ली युनिवर्सिटी ने नया कानून बनाकर उनके मार्क्स में दस प्रतिशत की कटौती की है। मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि या तो एचआरडी मिनिस्ट्री स्टेट बोर्ड को गाईडलाइन दे नहीं तो दिल्ली युनिवर्सिटी को आदेश दे ताकि हमारे बहनों और भाइयों को, जो स्टेट बोर्ड में 90-96 परसेंट लेकर आए हैं, बराबर मात्रा में दिल्ली युनिवर्सिटी में एडमिशन मिल सके। धन्यवाद।

*t27

Title: Need to take steps to change the name of the High Court of Orissa to High Court of Odisha.

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): Madam Speaker, I am raising a very important issue as the Law Minister is present here today. I had earlier drawn the attention of the Law Minister that the name of our State Odisha has been changed to Odisha but the name of the High Court still continues to be Orissa High Court. We had earlier approached the Central Government that the name of the High Court of Orissa should be changed into the High Court of Odisha. Similarly, the names of the Bombay High Court, the Calcutta High Court and the Madras High Court still continue to be named in the pre-independance time.

It is high time that the name of the High Courts be changed. I would urge upon the Central Government to initiate action so that the name of the High Court of Orissa be changed into High Court of Odisha because the nomenclature of the State is 'Odisha'.

*t28

Title: Issue regarding pathetic condition of sugarcane growers in Bihar.

डॉ. संजय जायसवाल (पश्चिम चम्पारण): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके द्वारा सदन का ध्यान बिहार के गन्ना किसानों की दुर्दशा की तरफ दिलाना चाहता हूं। जनवरी के बाद से अभी तक किसी शुगर फैक्ट्री ने पेमेंट नहीं किया है जिस कारण मेरे पूरे इलाके में हाहाकार मचा हुआ है। सरकार ने पिछले साल इनकी मदद की थी लेकिन बिहार सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही है। बिहार और उत्तर प्रदेश सरकार, दोनों बिल्कुल नकारा हो चुकी हैं।

मेरा माननीय प्रधानमंत्री जी से अनुरोध है कि बिहार और उत्तर प्रदेश के गन्ना किसानों की दुर्दशा को ध्यान में रखते हुए केंद्र से सहायता दें जिससे उनके घर में शादी, ब्याह आदि कार्य हो सकें।

HON. SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 2 p.m.

12.44 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Fourteen

of the Clock.

14.00 hrs

The Lok Sabha re-assembled at Fourteen

of the Clock.

(Hon. Speaker *in the Chair*)

â€¦(व्यवधान)

14.15 hrs

MATTERS UNDER RULE 377

HON. SPEAKER: Matters under Rule 377. Dr. Udit Raj.

...(*Interruptions*)

DR. UDIT RAJ (NORTH WEST DELHI): Madam Speaker, I thank you for giving me this opportunity to raise an important issue related to the Civil Aviation Ministry. ...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: You have to read the text only while raising a matter under Rule 377.

...(*Interruptions*)

*t29

Title: Need to review the selection process for recruitment of senior trainee pilot in Air India in view of rejection of some candidates belonging to reserved category.

DR. UDIT RAJ (NORTH WEST DELHI): Madam, during recruitment of Senior Trainee Pilot (P2) with A320 endorsement in Air India, 78 candidates were selected for appointment - 11 SC and 6 OBC candidates have been selected in general merit category and there are still vacancies in 14 SC, 12 ST and 87 OBC seats. As per MHA order O.M. No. 1/1/70-Estt.SCT, 25th July 1970, "If SC/ST candidates obtained, according to normal position in examination for direct recruitment less vacancies than the number reserved for them, selecting authorities have discretion, in order to make up the deficiency, to select candidates belonging to these communities who may have obtained low place in the examination, provided that such authorities are satisfied that the minimum standard necessary for maintenance of efficiency of administration has been reached in their cases."

DOPT Brochure Reservation SC/ST/OBC Clause 3.8 states, "to the extent the number of vacancies reserved for SC, ST and OBC cannot be filled on the basis of general standard, candidates belonging to these communities will be taken by relaxed standard to make up deficiency in reserved quota, subject to fitness of these candidates for appointment to the posts in question."

Psychometric test, on the basis of which most candidates were rejected, was not part of advertisement issued by Air India and was arbitrarily added to the selection process to accommodate favoured candidates. Rejected candidates are from backward sections and have taken loans from banks to complete their training and hence should be accommodated....(*Interruptions*)

*t30

Title: Need to protect Varunavat Mountain in Uttarakhand using latest technology.

श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह (टिहरी गढ़वाल) : माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपका ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र टिहरी गढ़वाल (उत्तराखण्ड) की ओर दिलाना चाहती हूँ। मेरे संसदीय क्षेत्र के उत्तरकाशी में 12 वर्ष के बाद वरूणावत पर्वत ने फिर से रौद्र रूप धारण कर लिया है, जिसने उत्तरकाशी शहर के लोगों की नींद उड़ा दी है। सितम्बर, 2003 भूस्खलन के बाद वरूणावत पर्वत का ट्रीटमेंट किया गया था, जिसके बाद कुछ वर्षों तक यह पर्वत शांत रहा है। अभी 15 जुलाई को तांबाखाणी सुरंग के ऊपर पर्वत के दरकने के कारण लोग भयभीत हैं। ज्ञानसू, इंदिरा कॉलोनी, भटवाडी मार्ग के आस-पास के लगभग दस हजार लोगों पर खौफ का साया मंडरा रहा है। वर्ष 2003 में केन्द्र सरकार ने वरूणावत पर्वत के उपचार के लिए 282 करोड़ रुपये का पैकेज दिया था। जिस तकनीक से उपचार होना था, उसकी अनदेखी की गयी। पांच वर्ष तक इसका ट्रीटमेंट चला, सीमेंट व कंकरीट के सीढ़ीनुमा प्लेटफार्मों से पानी निकालने के लिए नालियां बनाई गई, लेकिन नालियों को खुला छोड़ दिया गया। भूवैज्ञानिकों का कहना है कि इसी कारण से फिर वरूणावत पर्वत दरक रहा है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वरूणावत पर्वत के उपचार हेतु उच्च तकनीकी का प्रयोग किया जाए, जिससे वरूणावत पर्वत का सही उपचार हो सके।...(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : श्री सतीश चंद्र दुबे - उपस्थित नहीं।

श्री ओम बिरला

...(*Interruptions*)

*t31

Title: Need to immediately allocate funds and set up super-specialty blocks in different medical colleges under Pradhan Mantri Swasthya Suraksha Yojana in Rajasthan.

श्री ओम बिरला (कोटा) : माननीय अध्यक्ष महोदया, प्रधान मंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तीसरे फेस में 39 मेडिकल कॉलेजों में सुपर स्पेशिलिटी सेवाओं के विस्तार हेतु सुपर स्पेशिलिटी ब्लॉक बनाए जाकर उनका अपग्रेडेशन किया जाना निर्धारित किया गया था। उक्त योजना के अन्तर्गत राजस्थान के तीन मेडिकल कालेज, 1. कोटा मेडिकल कालेज, 2. उदयपुर मेडिकल कालेज, 3. बीकानेर मेडिकल कालेज चुने गए थे। प्रत्येक में 150-150 करोड़ रुपए की लागत से सुपर स्पेशिलिटी ब्लॉक्स का निर्माण किया जाना था, जिसमें राज्य सरकार द्वारा जमीन व अपने हिस्से के रूप में 20 प्रतिशत राशि वहन करनी थी। राज्य सरकार द्वारा अपने स्तर पर समस्त औपचारिकाएं पूर्ण करके चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार को भेजी जा चुकी है। उक्त कार्य नवम्बर 2014 से प्रारम्भ किया जाना प्रस्तावित था, किन्तु अभी तक उक्त तीनों मेडिकल कालेजों में सुपर स्पेशिलिटी ब्लॉक के निर्माण हेतु आवश्यक राशि रिलीज नहीं हो पाई है, जिसके कारण निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किया जा सका है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि कोटा, उदयपुर, बीकानेर मेडिकल कालेजों में प्रधान मंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना-3 के अंतर्गत प्रस्तावित सुपर स्पेशिलिटी ब्लॉक्स की स्थापना हेतु प्रत्येक मेडिकल कालेज को उपलब्ध कराई जाने वाली 1.5 करो की धनराशि को अविलम्ब जारी ब्लॉक्स का निर्माण शीघ्रातिशीघ्र कराया जाए।...(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष: श्री सुखबीर सिंह जौनपुरिया - उपस्थित नहीं।

श्री छेदी पासवान।

...(*Interruptions*)

*t32

Title: Need to provide transportation, drinking water and other civic facilities to the pilgrims visiting Guptadham in Sasaram Parliamentary Constituency of Bihar.

श्री छेदी पासवान (सासाराम) : मेरे संसदीय क्षेत्र सासाराम (बिहार) में अति प्राचीन धार्मिक आस्था का केन्द्र गुप्ताधाम अवस्थित है, जहां लाखों श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। गुप्ताधाम जाने के दो रास्ते - प्रथम, पनियारी से गुप्ताधाम जो पहाड़ पर चढ़ कर जाना पड़ता है एवं दूसरा, चेनारी डैम से पहाड़ के किनारे-किनारे जिसमें सात नदियों को पार कर धाम में लाखों श्रद्धालु जाते हैं।

दुःखद स्थिति यह है कि आज तक गुप्ताधाम आने-जाने के लिए सुगम सड़क निर्माण के लिए सरकार द्वारा कोई ठोस पहल नहीं की गई है। सड़क निर्माण के साथ-साथ श्रद्धालुओं के लिए पेयजल एवं अन्य नागरिक सुविधा की कमी के फलस्वरूप अति कठिनाई झेलनी पड़ती है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि तत्काल प्रभाव से श्रद्धालुओं के आवागमन हेतु चेनारी डैम से गुप्ताधाम (रोहतास) तक सड़क निर्माण तथा पेयजल एवं नागरिक सुविधाएं मुहैया शीघ्र उपलब्ध कराने हेतु संबंधित मंत्रालय को निर्देशित करने की कृपा की जाए।...(*Interruptions*)

*t33

Title: Need to set up an AIIMS like Institute in Begusarai, Bihar.

डॉ. भोला सिंह (बेगूसराय) : अध्यक्ष महोदया, बिहार सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृति क्षेत्रों में लगातार पिछड़ता रहा है। आज भी लाखों बच्चे कुपोषण के शिकार हैं। हजारों महिलाओं की प्रसूति में मौत हो रही है। कैंसर, हृदय रोग एवं नस संबंधी बीमारियां बढ़ती जा रही हैं। इस अवस्था में बिहार में विष्पस्त एम्स जैसे राष्ट्रीय महत्व के अस्पताल में ही इन व्याधियों का इलाज किया जा सकता है। नतीजा लाखों की संख्या में बिहार के लोग नई दिल्ली के एम्स अस्पताल में इलाज के लिए आते रहते हैं और उनका इलाज संतोषपूद ढंग से नहीं हो पा रहा है। पटना में जो एम्स है, इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान के रूप में वह अभी भी पूर्ण आकार नहीं ले सका है। उत्तर बिहार तो इस मामले में भयानक स्थिति से गुजर रहा है। गंगा, कोशी, अधमारा समूह की नदियों के हिस्सों में पनपने वाली विभिन्न रोगों की फसलें बेतहाशा बढ़ती जा रही हैं। करोड़ों लोग इलाज के अभाव में बेपनाह हैं। बेगूसराय जिले में चिकित्सकों का एक लंबा समू है। पूर्णिया, किशनगंज, अररिया, सुपौल, मधुबनी, सहरसा, मधेपुरा, खगड़िया से हजारों रोगी इलाज के लिए बेगूसराय के निजी नर्सिंग होमों में आते हैं। उत्तर बिहार में बेगूसराय की भौगोलिक स्थिति मध्य में है। केन्द्र सरकार ने 2015-2016 के अपने बजट में बिहार में एक और एम्स खोलने का प्रस्ताव दिया है। यह एम्स उत्तर बिहार में बेगूसराय में खुले। यहां जमीन भी उपलब्ध है। आवागमन के कई राष्ट्रीय मार्गों से यह जुड़ा हुआ है। इसलिए एम्स के लिए यह समीचीन भी है और तमाम तरह की भौतिक संरचनाएं यहां उपस्थित हैं।

अतः सदन के माध्यम से मेरा माननीय प्रधान मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री एवं वित्त मंत्री जी से अनुरोध है कि बेगूसराय में नए एम्स खोलने के लिए अपने स्तर से पहले करें।â€¦(व्यवधान)

*t34

Title: Need to provide reservation in promotion to the persons belonging to SC, ST and OBC.

श्री कौशल किशोर (मोहनलालगंज) : माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं सदन का ध्यान अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के कर्मचारियों/अधिकारियों का वरिष्ठत क्रम में पदोन्नति आरक्षण देने के लिए भारत के संविधान में संशोधन करने की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं। उत्तर प्रदेश सरकार ने पुलिस विभाग, होमगार्ड्स विभाग, विद्युत विभाग, सिंचाई विभाग में बड़े पैमाने पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के कर्मचारी/अधिकारी रिवर्ट किए गए हैं जिससे उक्त लोग पीड़ादायक ग्लानि को सहन नहीं कर पा रहे हैं और आत्महत्या की स्थिति में पहुंच गए हैं। इसलिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के कर्मचारियों/अधिकारियों के लिए पदोन्नति में आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए संविधान में संशोधन करना आवश्यक है क्योंकि इन वर्गों के कर्मचारियों/अधिकारियों का उत्तर प्रदेश सरकार से विष्वास उठ गया है और वे सभी केन्द्र सरकार की ओर बहुत ही आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं।

अतः सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के कर्मचारयों/अधिकारियों को वरिष्ठता क्रम में प्रमोशन में आरक्षण देने के लिए भारत के संविधान में संशोधन करने का विधेयक लोक सभा में प्रस्तुत करके पारित कराने की कृपा करें। â€¦(व्यवधान)

*t35

Title: Need to ensure availability of doctors and medicines in each Primary Health Centre in Uttar Pradesh particularly in eastern Region of Uttar Pradesh.

श्री लल्लू सिंह (फ़ैज़ाबाद) : माननीय अध्यक्ष महोदया, न केवल मेरे संसदीय क्षेत्र वरन आधा उत्तर प्रदेश, लखनऊ से पूर्वांचल तक आवश्यक चिकित्सा के अभाव की समस्या से ग्रस्त है। मामूली रोगों से पीड़ित लोग लखनऊ और दिल्ली 250 किलोमीटर से 1000 किलोमीटर तक इलाज के लिए घर, खेत, पशु बेचकर आने के लिए विवश हैं। कुछ दिन पहले टाइम्स ऑफ इण्डिया में एक सर्वेक्षण का परिणाम प्रकाशित हुआ था कि देश में प्रति वर्ष 5 करोड़ परिवार अपने इलाज के लिए उधार लेते हैं और इस कारण से प्रभावित परिवार गरीबी रेखा से नीचे चले जाते हैं। सर्वेक्षण का यह परिणाम प्रत्यक्ष मैं तो अपने चारों ओर प्रायः पाता हूं। विष्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यू.एच.ओ.) की सिफारिश है कि चिकित्सा व्यवस्था के लिए जी.डी.पी. का 5 प्रतिशत व्यय आवश्यक है। देश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति में स्वीकारा गया है कि 2.5 प्रतिशत व्यय किया जाए परन्तु अभी तक मात्र 1.4 प्रतिशत व्यय करने की व्यवस्था देश में है। चीन, ब्राजील, ब्रिटेन, अमेरिका, जापान सभी भारत से कहीं आगे स्वास्थ्य पर व्यय करते हैं। अमेरिकन सरकार कुल चिकित्सा व्यय पर 47 प्रतिशत, चीन 56 प्रतिशत, जर्मनी 76 प्रतिशत, ब्रिटेन 84 प्रतिशत और भारत केवल 30 प्रतिशत व्यय करता है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह धरातल की सच्चाई को समझे और समस्या का समाधान करे। प्रत्येक प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र में चिकित्सक व नःशुल्क दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करवायी जाए।â€¦(व्यवधान)

*t36

title: Need to re-open M/s. Sone Valley Cement Limited for the welfare of poor labourers in Palamu District of Jharkhand.

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू) : महोदया, झारखण्ड राज्य के जिला पलामू के अन्तर्गत मैसर्स सोन वैली सीमेन्ट्स लिमिटेड की स्थापना वर्ष 1921 में हुई थी। देश में यह एक प्राचीनतम वेट प्रोसेस सीमेन्ट प्लान्ट है। वर्ष 1992 से यह सीमेन्ट प्लान्ट बन्द पड़ा हुआ है। परिणामस्वरूप हजारों मजदूर बेरोजगार हो गए हैं। वे भुखमरी के शिकार हो रहे हैं तथा काम के अभाव में पलायन के लिए मजबूर हो रहे हैं। यहां तक कि नवसतियों के दस्ते में सम्मिलित होने के लिए विवश हो रहे हैं।

अतः सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस फैक्ट्री को शीघ्रातिशीघ्र खुलवाने की कृपा करें ताकि गरीब मजदूरों का जो बकाया है, उसका भुगतान हो सके और मजदूर पलायन के लिए मजबूर न हों एवं नवसतियों के दस्ते में सम्मिलित होने के लिए विवश न हों। फैक्ट्री खुलवाकर सरकार उनकी सभी मांगों को पूरा करे।

â€¦(व्यवधान)

*t37

Title: Need to increase number of platforms at Muzaffarpur station and develop Narayanpur Anant station into a railway terminal in Bihar.

श्री अजय निषाद (मुज़फ़्फ़रपुर): माननीय अध्यक्ष महोदया, हमारा संसदीय क्षेत्र मुजफ्फरपुर (बिहार) की व्यावसायिक राजधानी के रूप में जाना जाता है। लीची के लिए सुप्रसिद्ध मुजफ्फरपुर विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों के लिए न केवल बिहार अपितु पूरे देश का आकर्षण का केन्द्र है। यहां से कई सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलगाड़ियां देश के विभिन्न शहरों के लिए खुलती हैं, बावजूद इसके मुजफ्फरपुर रेलवे जंक्शन पर प्लेटफार्म की संख्या अपर्याप्त है, जिस कारण गाड़ियों के आगमन एवं प्रस्थान में काफी परेशानियों का सामना रेल प्रशासन को उठाना पड़ता है, साथ ही इसका खामियाजा यात्रियों को भी भुगतना पड़ता है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि मुजफ्फरपुर जंक्शन पर प्लेटफार्म की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ इसका आधुनिकीकरण किया जाए, साथ ही गाड़ियों एवं यात्रियों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर मुजफ्फरपुर जंक्शन के पास ही हाजीपुर-मुजफ्फरपुर रेल खंड पर स्थित रामदयालू नगर रेलवे स्टेशन एवं मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर रेल खंड पर स्थित नारायणपुर अनन्त स्टेशन को रेलवे टर्मिनल के रूप में विकसित किया जाए। धन्यवाद। ...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: No posters are allowed.

*t38

Title: Need to extend Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme to even those farmers whose land holdings are larger than that of marginal farmers.

श्री सी.आर.चौधरी (नागौर) : माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपकी आज्ञा से इस पवित्र सदन में आपके मार्फत माननीय प्रधान मंत्री जी, माननीय वित्त मंत्री जी एवं माननीय ग्रामीण एवं पंचायत राज विकास मंत्री जी का अभिनंदन करना चाहूंगा कि उन्होंने इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में मनरेगा में 5 हजार करोड़ का बजट अधिक देकर ग्रामों में ज्यादा लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है। माननीय प्रधान मंत्री महोदय ने यह भी निर्देश दिये हैं कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण गारंटी रोजगार योजना (मनरेगा) का 60 प्रतिशत बजट कृषि के विकास हेतु अपनाई गई योजनाओं एवं उनसे संबंधित दीर्घकालीन कार्यों पर खर्च किये जायेंगे।

कृषि कार्यों में कूप निर्माण, तलाई निर्माण, खेती की मेढ़बंदी, वाराग्रह निर्माण, छोटे शीत भंडारों का योजना के तहत केवल छोटे एवं सीमांत कृषकों को ही लाभ मिलता है। यह बात सही है कि भारत में अधिकतर सीमांत कृषक एवं छोटे कृषक हैं। पश्चिमी राजस्थान, उत्तरी गुजरात एवं कई अन्य क्षेत्रों में औसतन जोत सीमा बड़ी है। अतः इस योजना का उन कृषकों को भी लाभ दिया जाना चाहिए जिनकी जोत सीमा सीमांत काश्तकार की सीमा से थोड़ी ज्यादा है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा माननीय प्रधान मंत्री एवं ग्रामीण विकास मंत्री जी से अनुरोध है कि वे मनरेगा में ऐसा प्रावधान करें कि सीमान्त काश्तकार की जिस-जिस क्षेत्र में जितनी सीमा हो, उससे दोगुनी सीमा तक के काश्तकारों को भी लाभ मिल सके। जैसे मेरे क्षेत्र में दो हेक्टेअर सीमांत काश्तकार की सीमा है, इसे चार हेक्टेयर कर दिया जाता है तो मध्यम श्रेणी के काश्तकारों को भी मनरेगा का लाभ मिलेगा एवं उससे देश में कृषि पैदावार भी बढ़ेगी। मनरेगा में ज्यादा से ज्यादा काश्तकारों को लाभ देने के लिए प्रस्तावित व्यवस्था का प्रावधान किया जाता है तो राष्ट्र एवं किसान के हित में होगा। धन्यवाद। ...(व्यवधान)

*t39

Title: Need to ensure growth of small and micro industries under 'Make in India' mission for overall development of the economy.

श्री हरिओम सिंह राठौड़ (राजसमन्द) : माननीय अध्यक्ष महोदया, 'मेक इन इंडिया' मिशन के तहत अभी तक वृहत एवं विदेशी निवेश आधारित उद्योगों पर ही ध्यान केन्द्रित किया गया है, जबकि देश की परिस्थितियों के आधार पर स्पष्ट है कि लघु उद्योगों, एग्रो बेस्ड उद्योगों पर ध्यान देने से इस मिशन की सफलता त्वरित की जा सकती है। कैसी विडम्बना है कि खाद्य तेल पर आयात की निर्भरता बढ़ रही है, वहीं देश में तेल व दाल मिलें बंद हो रही हैं। अतः इस संबंध में अध्ययन कर उचित नीति के प्रतिपादन की आवश्यकता है। जापान, चीन आदि का विकास लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों द्वारा ही संभव हुआ। मेक इन इंडिया मिशन को लघु एवं सूक्ष्म औद्योगिक जगत में लोकप्रिय करने हेतु लघु भारती का सहयोग लिया जा सकता है, जिनका कार्य क्षेत्र सभी राज्यों में कुल मिलाकर 400 जिलों में व्याप्त है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि 'मेक इन इंडिया' मिशन को सफल बनाने के लिए भारतीय आवश्यकताओं की पूर्ति के अनुरूप लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों को उनकी नीति

बनाकर अगर प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है तो माननीय प्रधानमंत्री के मिशन 'मेक इन इंडिया' की सफलता को कम समय में पूरा किया जा सकता है। धन्यवाद। ...(व्यवधान)

*t40

Title: Need to take effective measures to abolish child labour in the country.

डॉ. वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़) : माननीय अध्यक्ष महोदया, आज बाल श्रम ने दुनिया के जिन तमाम देशों में एक गम्भीर समस्या का रूप धारण कर लिया है, उनमें भारत भी है। बाल श्रम निषेध होने और उच्चतम न्यायालय के तमाम निर्देशों के बावजूद बच्चों को मजदूरी से रोकने में अभी भी उल्लेखनीय सफलता नहीं मिल पायी है। रह-रह कर बंधुआ बाल मजदूरी के मामले सामने आते रहते हैं। गरीब परिवारों के माँ-बाप अपनी कठिन आर्थिक परिस्थियों से पार पाने के लिए अपने बच्चों को विभिन्न तरह के कामों पर लगाना उचित समझते हैं। समाज के एक तबके में यह धारणा भी व्याप्त है कि बच्चों को प्रारम्भ से ही किसी न किसी हुनर से लैस हो जाना चाहिए। इस सबके चलते तमाम बच्चे बाल मजदूर बने जाते हैं और फिर वे मजदूरी के चंगुल से निकल नहीं पाते हैं। वे शिक्षा के साथ स्वयं के स्वाभाविक विकास से भी वंचित होते हैं तथा जोखिम भरे काम करने के साथ ही शोषण का शिकार होते हैं। बच्चों के अधिकारों के संरक्षण के संबंध में संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव को भारत सरकार भी पालन करने के लिए वचनबद्ध है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि देश में बाल श्रम की एक बड़ी वजह निर्धनता के उन्मूलन तथा जागरूकता हेतु तत्काल ठोस कदम उठाए जाएं। â€¦ (*Interruptions*)

*t41

Title: Need to include khejri tree, known to play a vital role in preserving ecology of arid and semi-arid regions, in the list of protected plant species.

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): माननीय अध्यक्ष महोदया, भारत के क्षेत्रफल के अनुसार औसत वनक्षेत्र नहीं है। वनक्षेत्र या पेड़ों की संख्या कम होने से जलवायु परिवर्तन एवं पारिस्थितिक संतुलन नहीं बन पाता है। बढ़ती जनसंख्या और पेड़ों की होती कम संख्या पर्यावरण संरक्षण में नकरात्मक भूमिका अदा करती है। मैं राजस्थान के बीकानेर संसदीय क्षेत्र से आता हूँ। पूरे राजस्थान में वनों का क्षेत्र भारत के अन्य राज्यों से बहुत कम है और मैं जिस क्षेत्र से आता हूँ, वह थार रेगिस्तान का हृदय स्थल है। रेगिस्थानी क्षेत्र में खेजड़ी का वृक्ष पारिस्थितिक संतुलन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने के कारण स्थानीय भाषा में खेजड़ी को तुलसी भी कहते हैं और परिवार की एवं स्थानीय महिलाएं खेजड़ी की तुलसी की भाँति पूजा-अर्चना भी करती हैं। मध्यकाल में जब खेजड़ी के वृक्ष की कटाई का हुक्म तत्कालीन शासनकर्ताओं ने दिया तो स्व. अमृता देवी बिश्नोई के नेतृत्व में महिलाओं ने खेजड़ी से चिपक कर अपनी जान दे दी, लकिन खेजड़ी के वृक्षों की रक्षा की। खेजड़ी के वृक्ष से जो सांगरी का उत्पादन होता है, उसकी सब्जी भी बनती है और वह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देती है। सांगरी से पहले खेजड़ी पर मिंजर लगती है जो आयुर्वेदिक औषधि के रूप में काम आती है और इससे कई त्वचा एवं अन्य रोगों का उपचार होता है।

अतः इतने उपयोगी पेड़ की रक्षा के लिए सदन के माध्यम से मेरा माननीय वन पर्यावरण मंत्री जी से अनुरोध है कि खेजड़ी के वृक्ष को संरक्षित पेड़ों की श्रेणी में लेकर कोई विशेष दर्जा देने की व्यवस्था की जाती है तो खेजड़ी का वृक्ष रेगिस्तानी इलाकों में बहुतायत से पनप सकता है और रेगिस्थान भी हरा हो सकता है तथा वहां के क्षेत्र का पारिस्थितिक संतुलन बना रह सकता है। ...(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : यह जो आप कर रहे हैं, यह दूसरे सदस्यों के अधिकारों का हनन कर रहे हैं।

â€¦(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप प्लीज़ ऐसा मत कीजिए। यह जो कर रहे हैं, वह उचित नहीं है।

â€¦(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : यह दूसरे सदस्यों के अधिकारों का हनन है।

â€¦(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप जो कर रहे हैं, वह रूल्स के खिलाफ आपका बिहेवियर है।

â€¦(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : उसके साथ-साथ आप सदस्यों के अधिकारों का हनन कर रहे हैं। This is not proper, I am requesting you.

â€¦(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री पी.सी. मोहन - उपस्थित नहीं।

श्री डी.के.सुरेश - उपस्थित नहीं।

श्री एम.के.राघवन - उपस्थित नहीं।

श्री टी.राधाकृष्णन - उपस्थित नहीं।

...(*Interruptions*)

*t42

Title: Need to construct an outer ring road around Salem city, Tamil Nadu.

SHRI V. PANNEERSELVAM (SALEM): I would like to highlight traffic congestion in my Salem Parliamentary Constituency, Tamil Nadu....(*Interruptions*)

The national Highway N.H.-7 passes through the Salem city. The National Highway roads (NH 47 & 68) start from Salem city. ...(*Interruptions*) The vehicles passing through the above mentioned NH roads and SH roads generate traffic congestion in Salem city. ...(*Interruptions*)

In order to decongest the above traffic, an outer ring road has been proposed by NHAI under NHDP Phase-VI for a length of 60 kilometres around Salem city connecting all National Highways roads mentioned above. ...(*Interruptions*) This scheme is pending since 2008. The outer ring road would no doubt reduce 50% of the traffic flow. ...(*Interruptions*)

I request the hon. Minister of Road Transport and Highways to take suitable steps for the construction of the said outer ring road....(*Interruptions*)

SHRIMATI PRATIMA MONDAL (JAYANAGAR): I may be permitted to lay on table of the House the matter under Rule 377. ...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Okay.

*t43

Title: Need to revive the muslin industry.

SHRIMATI PRATIMA MONDAL (JAYANAGAR): In the history, there is no name more famous than that of Muslin. Archaeologists believe that Muslin of the finest quality found from the excavated sites in India was produced during the Indus valley civilization about 5000 years ago. But the first documented origin of this finely woven fabric is from Dhaka. The original Bengal Muslin was exported to far off Rome under the name textalis- ventalis 'Woven air' and other fancy names like 'Evening dew' and Morning Mist'. Historically, Muslin has been recognized as a 100% cotton. Muslin was produced from a cotton plant that grew exclusively along the banks of a certain stretch of the Brahmaputra river.

However, the Muslin industry started declining following the battle of Plassey.

The muslin revival effort actually started at Nabadwip in neighbouring Nadia Distrit in West Bengla in 1992. A group of Weavers there managed to produce 500 count Muslin that is, a thousand metres of yarn spun so fine as to weigh only two grams. However, later on its production was not cost effective. Now the West Bengal Khadi and Village Industries Board has taken up a project to revive and promote Bengal Muslin through a historical approach.

I would like to request the Hon'ble Minister of Micro, Small and Medium Enterprises to kindly take up the project Muslin wherein various linkages of revival and growth are addressed comprehensively comprising interventions like skill development, technology support, design inputs, product diversification, credit linkage, marketing support etc.

HON. SPEAKER: Shri Sultan Ahmed - not present.

Shri Rabindra Kumar Jena.

*t44

Title: Need to set up one stop trauma care centre meant for women affected by violence in each district of the country. h

SHRI RABINDRA KUMAR JENA (BALASORE): It is a matter of public concern that instead of 660 one-stop trauma care centres that are supposed to come up in the country, we will now have just 36, one in each State which will not serve the intended purpose. ...(*Interruptions*) One-stop Centre provides medical, legal and psychological support services under one roof to women survivors of violence, and therefore, having just only one centre in each state is of no value. ...(*Interruptions*) The Ministry of Home Affairs, which manages the Nirbhaya Fund, has spent only about 1 per cent of the total allocation since the inception. ...(*Interruptions*) The Government had planned the establishment of a platform for supporting a Call Tracking and GPS based Police Vehicle dispatch function with a view to improve the efficiency of police response to the calls of women in distress situations and provide speedy assistance, under which my constituency and district Balasore, would have been a beneficiary as a Type B city, but that too has been delayed. ...(*Interruptions*) In Balasore, in the year 2012-13, there were 87 cases of assault on women with intent to outrage their modesty and 20 cases of insult to the modesty of women. ...(*Interruptions*) Now that there are reports that the Nirbhaya Fund will be managed by the Ministry of Women and Child Development. ...(*Interruptions*) I urge the Government to expedite works on all the pending infrastructure relating to women security and ensure that trauma centres are created in every district at the earliest including one in my district of Balasore.

HON. SPEAKER: Shri Prataprao Ganpatrao Jadhav - not present.

Shri Jaydev Galla – not present.

Shri A.P. Jithender Reddy.

SHRI A.P. JITHENDER REDDY (MAHABUBNAGAR): Hon. Speaker Madam, I am on protest. However, the matter is an important one related to citizens. ...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: You are not raising your matter.

...(*Interruptions*)

SHRI A.P. JITHENDER REDDY: Madam, I would like to lay my paper on the table. ...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: It is okay.

*t45

Title: Need to provide separate coach/seats for senior citizens in trains.

SHRI A.P. JITHENDER REDDY (MAHABUBNAGAR): Madam, I would like to bring to your kind attention that the Railways are playing an important role in nation building. No doubt, Railways have taken and are taking several measures for welfare of people like reservation of seats/berths for Freedom Fighters/Ladies/Differently-abled persons but in the process we have forgotten our senior citizens who face many hardships during their travel being old/weak/medically unfit/poor etc. and they have to jostle with the youngsters and other co-passengers to get a seat/berth and even at times they have to go standing as nobody wants to share a seat or help them.

Keeping in mind the above said difficulties being faced by them, I urge the Government to kindly make a provision of separate coach/seats for them so that their genuine problems can be taken care of.

HON. SPEAKER: Shri P. Karunakaran -not present.

Shrimati Kothapalli Geetha.

---

* Laid on the Table

*t46

Title: Need to accord special category status to Andhra Pradesh for the fast economic development of the State.

SHRIMATI KOTHAPALLI GEETHA (ARAKU): I would like to draw the attention of the hon. Prime Minister, the hon. Union Minister of Home Affairs and the hon. Union Minister of Finance towards the pathetic state of Andhra Pradesh. The entire august House is well aware and would agree with me that the State of Andhra Pradesh has been affected economically following the bifurcation. Even though many promises were made during elections as well as through the Reorganisation Act and also on the floor of both the Houses of Parliament, unfortunately, it is yet to get any concessions. The State is burdened with a huge debt of over Rs. 1.46 lakh crore with no big development on the economic and financial front. The special status that was promised to the State stills remains in a state of confusion and it is arousing unrest among the people. No tax discounts or holiday is provided. At the same time, I wholeheartedly thank our hon. Prime Minister and hon. Union Minister of Finance for providing budgetary relief in terms of financial support but the assurance of providing special status still remains unfulfilled.

Hence, keeping in view the grim situation prevailing in Andhra Pradesh, I request the hon. Prime Minister, through the Chair, to kindly take a favourable decision and announce special status for Andhra Pradesh. ...(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : आप जिस तरीके से दूसरों के अधिकारों का हनन कर रहे हैं, यह बच्चों जैसी हरकतें हैं। ऊपर से बच्चे आपको देख रहे हैं।

...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Shrimati Supriya Sule.

SHRIMATI SUPRIYA SULE (BARAMATI): Madam, I may be permitted to lay my matter. ...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Yes.

*t47

Title: Need to address the malnutrition problem in India.

SHRIMATI SUPRIYA SULE: Madam, according to the World Health Organisation, close to 1.3 million children die every year in India because of malnutrition, 48 per cent children under the age of five are stunted or too short for their age, which indicates that half of the country's children are chronically malnourished. The devastating combination of poverty, poor status of girls and women, food insecurity, especially in vital nutrient-rich foods, poor health services, and abysmal sanitary conditions simply cannot sustain healthy child growth. The existing response to malnutrition in India has been skewed towards food-based interventions and has placed little emphasis on schemes addressing the other determinants of malnutrition. Any intervention to address the problem of malnutrition should have the potential to prevent the occurrence of illness among children, which calls for ensuring safe water supply and sanitation, a widely neglected sector in rural areas and urban slums. Indians are also suffering from chronic micronutrient malnutrition which results from consistently consuming foods severely lacking in vitamins and minerals – particularly vitamin A, iron, iodine and zinc – which are essential for proper physical and mental development. Supplementation programmes, biofortification of crop, commercial fortification, and school-based deworming campaigns can prove highly beneficial to tackle this effectively. As governments worldwide tighten their belts and increasingly search for ways to fight this menace effectively, the value-for-money that can be achieved with micronutrient malnutrition interventions cannot be ignored.

HON. SPEAKER: Shri Rama Kishore Singh – not present.

...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Shri Sukhbir Singh Jaunpuria.

---

* Laid on the Table

*t48

Title: Need to immediately release funds for Amly Bagh Safari, a famous tourist place in Tonk Parliamentary Constituency of Rajasthan.

श्री सुखबीर सिंह जौनपुरिया (टोंक-सवाई माधोपुर) : माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं एक अत्यन्त महत्वपूर्ण विषय सदन के सामने रखना चाहता हूँ। मेरे संसदीय क्षेत्र के जिला टोंक में "अमली बाघ सफारी " नामक एक अत्यन्त महत्वपूर्ण पर्यटक स्थल है। इसमें हर वर्ष हज़ारों की संख्या में लोग घूमने के लिए आते हैं और यह राजस्थान के प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों में से एक है।

राजस्थान सरकार के द्वारा 115 करोड़ रुपये का प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजा गया है परन्तु केन्द्र सरकार ने इस विषय में कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाए। इस विषय में दिनांक 21.7.2015 को अतारांकित प्रश्न संख्या 128 में भी केन्द्र सरकार ने स्वीकार किया है कि राजस्थान सरकार द्वारा 115 करोड़ रुपये का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस विषय में ठोस कदम उठाते हुए जल्द से जल्द कार्यवाही करें और 115 करोड़ रुपये की राशि तुरन्त जारी करने का आदेश करें।

14.48 hrs

DELHI HIGH COURT (AMENDMENT) BILL, 2015

*t49

Title: Discussion on the motion for consideration of the Delhi High Court (Amendment) Bill, 2015 (Discussion not concluded).

HON. SPEAKER: Now, the House will take up Legislative Business. Item No. 19 under Bills for consideration and passing – Shri D.V. Sadananda Gowda.

...(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : जो भी आप कर रहे हैं, वह उचित नहीं है। मैंने कहा है कि सदस्यगण अपने अपने पोस्टर्स लेकर वापस जाएँ, अपने-अपने स्थानों पर वापस जाएँ। यह तरीका नहीं है।

...(व्यवधान)

THE MINISTER OF LAW AND JUSTICE (SHRI D.V. SADANANDA GOWDA): Madam Speaker, I beg to move:

> "That the Bill further to amend the Delhi High Court Act, 1966, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."

HON. SPEAKER: Motion moved:

> "That the Bill further to amend the Delhi High Court Act, 1966, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."

*m02

SHRIMATI MEENAKASHI LEKHI (NEW DELHI): Madam, I am speaking from seat No 249. I hope, you would permit me to speak from here. ...(*Interruptions*)

We are supporting the Bill under consideration because people are demanding justice and there are people who are waiting for justice. People are waiting for justice because there is a huge pendency of cases in the courts. ...(*Interruptions*)

